# समृद्ध किसान ही विकसित भारत 2047 की नींव

## सच्चा वादा, पक्का काम के संकल्प के साथ किसानों से किए वादे पूरे कर रही सरकार

**भोपाल, 29 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्पष्ट विजन 'सच्चा वादा और पक्का काम' के अनुरूप प्रदेश सरकार किसानों से किए गए हर संकल्प को धरातल पर उतार रही है.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्पष्ट कहा है कि 'मध्यप्रदेश का समृद्ध किसान ही विकसित भारत 2047 के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. सच्चा वादा और पक्का काम, यही हमारी सरकार का संकल्प है. हमने किसानों से जो वादा किया, वह पूरा करके भी दिखाया है.' किसान कल्याण एवं

कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की इस मंशा को विभाग हर योजना में आत्मसात कर रहा है.

किसानों से किए वादों को पूरा करने की दिशा में सरकार ने एमएसपी पर रिकॉर्ड खरीदी की है. वर्ष 2025-26 में केंद्र सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित था. राज्य सरकार ने उस पर 175 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस दिया, इस प्रकार 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की गई थी. रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए केंद्र सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है. इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा 40 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस अलग से दिया जा रहा है.

### यंत्रीकरण, वैज्ञानिक खेती से बढ़ रही आय

कृषि मंत्री कंषाना ने कहा कि कृषि उत्पादन की लागत घटाने और उत्पादन बढ़ाने के लिए कृषि यंत्रीकरण को विशेष बढ़ावा दिया जा रहा है. ई-कृषि यंत्र अनुदान योजना के तहत सुपर सीडर, रोटावेटर, कल्टीवेटर, बीज-उर्वरक ड्रिल आदि कृषि यंत्रों पर 40 से 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है. प्रदेश के 2,500 कस्टम हायरिंग सेंटर से किसान किराए पर मशीनें ले रहे हैं. साथ ही बेहतर फसल उत्पादन एवं मृदा स्वास्थ्य के लिए एवं संतुलित पौध पोषण के लिए विभाग निःशुल्क मिट्टी परीक्षण कर रहा है. मिट्टी परीक्षण से नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, सल्फर व सूक्ष्म पोषक तत्वों की जानकारी मिलती है, जिससे किसान संतुलित मात्रा में उर्वरक डालकर लागत घटा सकते हैं. जायद सीजन के लिए पर्याप्त मात्रा में प्रमाणित बीज भंडारित किए गए हैं और मूंग-उड़द बीज पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है. रायजोबियम कल्चर सभी विकासखंडों में निःशुल्क उपलब्ध है.

### सीएम करेंगे उपार्जन केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण

भोपाल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में उपार्जन केंद्र पर चल रही गेहूँ उपार्जन की प्रक्रिया का आने वाले दिनों में आकस्मिक निरीक्षण करेंगे और किसानों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी लेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव निरीक्षण में देखेंगे कि निर्देशानुसार शासन-प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सभी सुविधाएं किसानों को प्राप्त हो रही है या नहीं. आकस्मिक निरीक्षण के लिये मुख्यमंत्री डॉ. यादव का हेलीकॉप्टर किसी भी समय, कहीं पर भी उतर सकता है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों की सहूलियत के लिये गेहूँ उपार्जन एवं स्लॉट बुकिंग की अवधि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई कर दी है.

# ईडी की बड़ी कार्रवाई : 7.76 करोड़ की संपत्तियां अटैच

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की इंदौर इकाई ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 7.76 करोड़ रुपए मूल्य की अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की हैं. इस कार्रवाई में प्लॉट शामिल हैं जो संबंधित कंपनी के नाम पर दर्ज हैं.

ईडी की अधिकृत जानकारी के अनुसार यह मामला मैसर्स रूचि अक्रोनी इंडस्ट्रीज लिमिटेड (वर्तमान में स्टीलटेक रिसोर्सेज लिमिटेड) से जुड़ा है. जांच की शुरुआत सीबीआई, एसीबी भोपाल द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर की गई थी, जिसमें कंपनी पर यूको बैंक, इंदौर के साथ 58 करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप है. जांच में सामने आया कि कंपनी ने फर्जी और हेरफेर किए गए दस्तावेजों के आधार पर क्रेडिट सुविधाएं और लेटर ऑफ क्रेडिट हासिल किए, जबकि इनके पीछे वास्तविक व्यापारिक लेनदेन नहीं था. प्राप्त राशि को जटिल नेटवर्क के जरिए अलग अलग कंपनियों में घुमाकर वापस मुख्य कंपनी तक पहुंचाया गया. ईडी अधिकारियों का कहना है कि इस अवैध रूप से हासिल धन को विभिन्न संपत्तियां खरीदने में लगाया गया. मामले में इससे पहले भी ईडी द्वारा करीब 10.15 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच की जा चुकी हैं. मामले में आगे की जांच की जा रही है.

### बैंक धोखाधड़ी से जुड़ा मामला

## एक नजर में

### रतलाम विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष बने पोरवाल

**भोपाल.** मनोहर पोरवाल को रतलाम विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. बुधवार को नगरीय विकास एवं आवास विभाग से जारी आदेश में गोविंद काकाणी और प्रवीण सोनी को प्राधिकरण का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है. आदेश में रतलाम विकास प्राधिकरण के सदस्यों की भी नियुक्ति की गयी है. इनमें राजेन्द्र सिंह गोयल, राजेन्द्र मौर्य, धीरज व्यास, राखी व्यास और किरण महावर के नाम शामिल हैं. सभी पदाधिकारियों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक नियुक्त किया गया है. चित्रकूट विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में श्री विजय यादव को नियुक्त किया गया है. इस संबंध में नगरीय विकास एवं आवास विभाग की ओर से आदेश जारी किया गया है.

### व्यापार मेले को राष्ट्रीय पहचान दिलाएंगे

**ग्वालियर.** ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण कार्यालय में बुधवार को नव नियुक्त अध्यक्ष अशोक जादौन एवं नवनियुक्त उपाध्यक्ष उदयवीर सिंह गुर्जर ने पदभार ग्रहण किया. समारोह में सम्मिलित होकर वरिष्ठ नेताओं ने नए दायित्व की बधाई और शुभकामनाएं दी. समारोह में अध्यक्ष नवनियुक्त अशोक जादौन एवं उपाध्यक्ष उदयवीर सिंह गुर्जर ने कहा कि सालभर मेला लगता रहे इसके प्रयास किए जाएंगे. इसके लिए दिल्ली के प्रगति मैदान की तरह आयोजन लगातार किए जाएंगे.

# भीषण गर्मी का रेड अलर्ट पारा 45 डिग्री के पार

### दोपहर में सड़कों पर पसर रहा सन्नाटा

**भोपाल, 29 अप्रैल. प्रदेश में गर्मी के तेवर अब प्रचंड रूप लेता जा रहा है. जिससे सड़कों पर चलने वाले लोग न केवल सर को ढक कर चल रहे है बल्कि बिना वजह घरों से निकलना भी कम कर दिया है.**

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को प्रदेश में सबसे अधिक गर्म जिलों में खजुराहो और सबसे कम गर्म क्षेत्रों में पचमढ़ी शामिल रहा. तो भोपाल का अधिकतम तापमान 41 डिग्री पर रहा. मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण लू चलने की बात कही गई है. प्रदेश में खरगोन और खंडवा ग्वालियर, जबलपुर, इंदौर और रतलाम जैसे शहरों में भी बुधवार का तापमान 40 दूरी के पार रहा. वहीं प्रदेश भर में गर्मी और तेज धूप का आलम ये है कि दोपहर होते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर रहा है और गर्म हवाओं के थपेड़े लोगों को बेहाल कर रहे हैं.

### मौसम विभाग ने दी चेतावनी

अगले 3 से 4 दिनों तक गर्मी से कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है. ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग के जिलों में तीव्र लू चलने की संभावना है. मौसम वैज्ञानिकों ने नागरिकों को दोपहर 12 से शाम 3 बजे के बीच घर से बाहर न निकलने और अधिक से अधिक तरल पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी है.

### इन जिलों में हो सकती है छुटपुट बारिश

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, शहडोल, डिंडोरी, छिदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, पांढुर्णा जिलों में छुटपुट बारिश, गरज और चमक की स्थिति बन सकती है.

### शिवपुरी में जल संकट, 3 दिन से आपूर्ति बाधित

**शिवपुरी.** शहर में भीषण गर्मी के बीच जल संकट गहरा गया है. मणि खेड़ा बांध से होने वाली पेयजल आपूर्ति पिछले तीन दिनों से बाधित होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. नगर पालिका द्वारा संचालित मणि खेड़ा बांध जल वर्धन योजना से पूरे शहर को पानी उपलब्ध कराया जाता है, लेकिन आपूर्ति व्यवस्था में उपयोग हो रही तीनों विद्युत मोटरों के पुराने और बार-बार खराब होने के कारण जल सप्लाई प्रभावित हो गई है. नगर पालिका सूत्रों के अनुसार तीन मोटरों में से केवल एक मोटर ही आंशिक रूप से चालू है, जिससे सीमित मात्रा में पानी निचले क्षेत्रों की टंकियों तक ही पहुंच पा रहा है.

# एमपी में गेहूं खरीदी व्यवस्था ध्वस्त : पटवारी

## किसान मजबूर कम दामों पर फसल बेचने को विवश

### किसानों को स्लॉट बुकिंग में हो रही तकनीकी समस्या

### मूंग खरीदी पर जल्द निर्णय लेने की मांग की

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 29 अप्रैल. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य सरकार पर गेहूं खरीदी व्यवस्था को पूरी तरह अव्यवस्थित करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि स्लॉट बुकिंग की तारीखों को बार-बार बढ़ाना किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं, बल्कि प्रशासनिक विफलता को छिपाने का प्रयास है.**

पटवारी ने कहा कि कांग्रेस ने पहले ही चेताया था कि खरीदी की धीमी गति के चलते सरकार अपने घोषित 100 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य को निर्धारित समय में हासिल नहीं कर पाएगी. उन्होंने कहा कि लगभग 245 लाख मीट्रिक टन उत्पादन के बावजूद खरीदी लक्ष्य आधे से भी कम रखा गया है, जिससे बड़ी संख्या में किसान मजबूरन कम दामों पर फसल बेचने को विवश हैं.

उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को स्लॉट बुकिंग में तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. सर्वर धीमे हैं, वेबसाइट बार-बार बंद हो रही है और बार-बार सत्यापन संदेश आ रहे हैं, जिससे समय पर पंजीयन नहीं हो पा रहा. छोटे किसान, जिनके पास भंडारण की सुविधा नहीं है, मंडियों में 1800 से 2000 रुपये प्रति क्विंटल के कम दाम पर गेहूं बेचने को मजबूर हैं, जबकि समर्थन मूल्य 2625 रुपये है.

पटवारी ने भिंड, मुरैना और राजगढ़ जिलों में खरीदी पंजीयन में गड़बड़ी का आरोप भी लगाया, जहां बिना जमीन वाले लोगों को किसान बताकर पंजीयन किए जाने की बात कही गई. उन्होंने खरीदी व्यवस्था में तत्काल सुधार, कथित फर्जीवाड़े की उच्च स्तरीय जांच और मूंग खरीदी पर जल्द निर्णय लेने की मांग की.

# गोवंश के अंग मिलने से स्थानीय लोगों में रोष, किया प्रदर्शन

**आगर मालवा, 29 अप्रैल. छावनी वार्ड नंबर 19 में नाग मंदिर के पास बुधवार सुबह गोवंश के अंग मिलने से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त हो गया.**

जानकारी लगने के बाद बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता वहां पहुंचे और जमकर नारेबाजी करते हुए दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग करने लगे. एसडीओपी मोतीलाल कुशवाहा कार्यवाहक थाना प्रभारी अनिल मालवीय पुलिस टीम के साथ पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया. इधर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता छावनी नाके पर गोवंश के अंग की शव यात्रा ले जाकर प्रदर्शन करने लगे.

### अपेक्स बैंक के नव नियुक्त प्रशासक महेंद्र सिंह ने किया पदभार ग्रहण

**भोपाल, 29 अप्रैल.** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल की उपस्थिति में बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में अपेक्स बैंक के नव नियुक्त प्रशासक महेंद्र सिंह यादव एवं मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष संजय नगायच ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया. प्रदेश कार्यालय से अपैक्स बैंक एवं मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन पहुचंकर मध्यप्रदेश शासन के मंत्री व पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति में विधि विधान से पूजन अर्चन कर पदभार ग्रहण किया.

# तपती धूप में व्यवस्थाओं का संकल्प, श्रद्धालुओं का हो रहा मंगल

नवभारत न्यूज

**उज्जैन. सिंहस्थ की तैयारियों के मद्देनजर मंगलनाथ मंदिर के विकास कार्यों को गति दी जा रही है. शिखर निर्माण सहित विभिन्न परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं, जो इस प्राचीन धाम को नई पहचान देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं. वही अब मूलभूत सुविधाएं श्रद्धालुओं के लिए भी की गई है ताकि दर्शन पूजन के लिए यात्रियों श्रद्धालुओं और पंडितजन -पुजारियो को और असुविधा न हो.**

भीषण गर्मी के बीच भी आस्था की डोर अडिग है और इसी श्रद्धा को सहज बनाने के लिए उज्जैन स्थित मंगलनाथ मंदिर में व्यवस्थाओं का नया स्वरूप दिखाई देने लगा है. देश-विदेश से महाकालेश्वर मंदिर के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु अब मंगलनाथ मंदिर में भी राहत और सुव्यवस्था का अनुभव कर रहे हैं.

### शीतल जल का प्रबंध

हाल ही में पेयजल व्यवस्था प्रभावित होने के बावजूद प्रशासन ने तत्परता से वैकल्पिक इंतजाम सुनिश्चित किए. टैंकरों के माध्यम से शुद्ध जल की निरंतर उपलब्धता बनाए रखी गई, वहीं दानदाताओं के सहयोग से बड़ी जल टंकियां स्थापित कर दी गईं. परिसर में जगह-जगह शीतल जल की व्यवस्था के साथ मिट्टी के पात्र भी रखे गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को ठंडक का अहसास मिल रहा है.

### इनका कहना...

श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है और हर संभव प्रयास किया जा रहा है कि दर्शन व्यवस्था सुगम, सुरक्षित और श्रद्धा के अनुरूप बनी रहे. पेयजल, कारपेट और निर्बाध विद्युत व्यवस्था भी की गई है.

**- के.के. पाठक, प्रशासक मंगलनाथ मंदिर**

**मंगल की उत्पत्ति**-मंगल की जननी के रूप में प्रतिष्ठित इस धाम में भगवान शिव विराजित हैं. इन दिनों भात पूजन, विवाह पश्चात आशीर्वाद और अन्य मांगलिक कार्यों के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं. भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन और मंदिर प्रबंध समिति ने संवेदनशीलता दिखाते हुए त्वरित और प्रभावी इंतजाम किए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को तपती धूप के बीच भी किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े.

### परिसर में कारपेट

तप्त जमीन से राहत देने के लिए मुख्य मार्गों पर कारपेट बिछाए गए हैं, जबकि धूप से बचाव हेतु हरी नेट का कवच पिछले कई दिनों से श्रद्धालुओं को छांव प्रदान कर रहा है. बिजली व्यवस्था में आई तकनीकी बाधाओं को भी तत्काल दूर कर निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की गई है, जिससे मंदिर परिसर में सुविधाओं का संचालन सुचारू बना हुआ है.

**पंडित-पुजारियों के लिए प्रबंध** -पूजन-अनुष्ठान करने वाले पंडितों और श्रद्धालुओं के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था भी की गई है, ताकि धार्मिक कार्य बिना किसी व्यवधान के संपन्न हो सकें. मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किए जा रहे हैं, जिससे आने वाले समय में यहां और अधिक सुव्यवस्थित और भव्य स्वरूप देखने को मिलेगा. शेड में पूजन की जमावट की गई.

# अवैध हथियार निर्माण, बिक्री मामले में 7 आरोपी दोषी

दमोह, 29 अप्रैल. न्यायाधीश पंकज कुमार वर्मा ने अवैध हथियार बनाने व उनकी बिक्री के मामले में 7 आरोपियों को दोषी ठहराते हुए कठोर दंड सुनाया है. इस प्रकरण में मप्र शासन की ओर से पैरवी शासकीय अभिभाषक राजीव बद्री सिंह ठाकुर द्वारा की गई.

मामले के अनुसार, दिनांक 2 जनवरी 2025 को थाना कोतवाली में पदस्थ एएसआई राकेश पाठक को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि चैनपुरा मोहल्ले में तीन व्यक्ति बोरी में अवैध हथियार लेकर उन्हें बेचने की फिराक में बैठे हैं. सूचना के आधार पर एएसआई राकेश पाठक ने पुलिस टीम गठित कर मौके पर दबिश दी, जहां तीन संदिग्ध व्यक्ति बोरी के साथ पाए गए.


**पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल**

संख्या - W/623/5/1/NIT **ई-निविदा सूचना** दिनांक 27.04.2026

मंडल रेल प्रबंधक/मंडल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली निविदा' ई-निविदा के माध्यम से वेबसाईट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है -

| क्रम सं. | ई-टेण्डरिंग संख्या व कार्य का नाम | अनुमानित लागत | बयाना राशी |
|---|---|---|---|
| 1 | RTM-2025-26-204 | 3,70,53,395.38 | 7,41,100.00 |
| | Bolai Station - Provision of Covered Foot Over Bridge with ramp. | | |
| 2 | RTM-2025-26-205 | 3,17,34,713.48 | 6,34,700.00 |
| | Kalapipal Station -: Raising of platforms at Platform No.1 and Platform No.2. | | |

**कार्य समापन अवधि : Sr. No. 1 & 2 -** 10 Months; **Similar type of work: Sr. No.1 -** Any bridge work involving fabrication, erection & launching of FOB/ Steel Girders/Composite Girder for Railway, Road Bridges. **Sr. No.2 -** Any Civil Engineering Work **वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि : Sr. No.1 & 2:** 27.04.2026 **निविदा खुलने की तिथि : Sr. No.1 & 2:** 19.05.2026. विस्तृत निविदा सूचना, अर्हता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है।

Apex/25 मण्डल रेल प्रबंधक (कार्यलेखा) रतलाम पश्चिम रेलवे

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



**मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम**

पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल- 462003

फोन : +91-755-4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com

क्रमांक : 201/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 29.04.2026

**निविदा सूचना 160/2026_STDC_504104_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :- ग्रांड होटल उज्जैन में बाहरी विद्युतीकरण, फसाड इल्युमिनेशन, एयर कंडीशनिंग एवं ई.एल.व्ही. के कार्य (12 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 495.97 लाख**

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 18.05.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/125564/2026 **कार्यपालन यंत्री**


# प्रथम पृष्ठ का शेष.... जलूद सोलर प्लांट राष्ट्रीय उपलब्धि : मुख्यमंत्री

एक लाख पर लगभग 8 प्रतिशत की बचत होगी, जिसका लाभ 20 साल तक मिलेगा. अगर जरूरत पड़े तो इस बॉन्ड को बेचा भी जा सकता है. इस प्रकार से राज्य सरकार ने घर बैठे लोगों को पैसे कमाने का अवसर दिया है. मध्यप्रदेश सबसे सस्ती बिजली देने वाला राज्य है. हमारी बिजली से दिल्ली में मेट्रो ट्रेन चल रही है. जलूद सोलर पॉवर प्लांट का भूमि-पूजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2023 में किया था.

**यह थे उपस्थित**- कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, महापौर इंदौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी, राज्यसभा सदस्य सुमेर सिंह सोलंकी, विधायकगण ऊषा ठाकुर, महेंद्र हार्डिया, विधायक सचिन बिरला रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, मधु वर्मा के अलावा अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे.

**दोहरा लाभ मिलेगा**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जलूद सोलर पॉवर प्लांट से दोहरा लाभ मिलेगा. इंदौर नगर निगम को बिजली तो मिलेगी ही, साथ में कार्बन उत्सर्जन भी कमी आएगी. बिजली उत्पादन में ग्रीन एनर्जी का नवाचार सर्वोत्तम है. इस परियोजना की लागत 10 साल में निकल जाएगी, अगले 10 साल सिर्फ लाभ के होंगे. मध्यप्रदेश बदल रहा है. एक समय था, जब रात में बिजली कटौती होती थी, दिन में बिजली तो मिलती ही नहीं थी.

**जनभागीदारी से बना देश का पहला सोलर प्लांट**-महापौर इंदौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि जलूद में 300 करोड़ लागत के 60 मेगावाट क्षमता के सोलर पॉवर प्लांट का शुभारंभ हुआ है. यह ऐतिहासिक प्लांट केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई ग्रीन बॉन्ड व्यवस्था की मदद से बनकर तैयार हुआ है. इंदौर नगर निगम देश का पहला नगरीय निकाय है, जिसने ग्रीन बॉन्ड के माध्यम से फंड जुटाया है. इस सोलर प्लांट में देश के 28 राज्यों का योगदान मिला है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में महेश्वर में जनभागीदारी से बने देश के पहले सोलर प्लांट का सपना साकार हो पाया है.

**इंदौर के इतिहास में लिखा जा रहा नया अध्याय**-जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि आज इंदौर के इतिहास में एक नया अध्याय लिखा जा रहा है. प्रधानमंत्री मोदी ने देश को ग्रीन एनर्जी का हब बनाने का संकल्प लिया है और इसी को मुख्यमंत्री डॉ. यादव आगे बढ़ा रहे हैं. सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि भारत ग्रीन एनर्जी सेक्टर में काम करने वाला दुनिया का अग्रणी देश है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कार्यक्रम में विधायक श्री राजकुमार मेव ने महेश्वर और इंदौर क्षेत्र को मिली विकास कार्यों की सौगातों के लिए आभार माना.

# बोलेरो-कार में सीधी भिड़ंत, दम्पती की मौत

**सिंगरौली.** सीधी - सिंगरौली नेशनल हाईवे - 39 के गोपद पुल पर बोलेरो एवं कार के बीच हुई आमने-सामने भिड़ंत में कार में सवार पति-पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई. वहीं मृतक की बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई है, जिन्हें रीवा मेडिकल कॉलेज के लिए रिफर किया गया है. बिटिया की हालत गंभीर है. कार को किराए से लेकर गायत्री प्रसाद तिवारी बैढ़न स्थित पचखोरा अपने आवास पत्नी ममता तिवारी एवं बेटी नेहा तिवारी के साथ यूपी के हलिया गांव से आ रहे थे कि करथुआ एवं बहरी के मध्य स्थित गोपद पुल पर बेकाबू बोलेरो वाहन करथुआ-झोको की ओर से आ रही थी कि गोपद पुलिया पर बोलेरो चालक ने सीधे टक्कर मार दिया. जिसमें कार में सवार गायत्री प्रसाद तिवारी उम्र 45 वर्ष, ममता तिवारी एवं नेहा के साथ-साथ वाहन चालक घायल हो गये. जहां घटना की सूचना मिलते ही यातायात चौकी प्रभारी झोखों अनिल मिश्रा घटनास्थल पहुंच 112 वाहन की मदद से तत्काल उपचार के लिए घायलों को जिला चिकित्सालय सीधी के लिए रवाना किया गया. जहां सीधी अस्पताल पहुंचते ही गायत्री प्रसाद तिवारी एवं ममता तिवारी पति-पत्नी ने दम तोड़ दिया. जबकि नेहा की हालत नाजुक होने पर चिकित्सको ने रीवा मेडिकल कॉलेज के लिए रिफर कर दिया है. इधर बोलेरो वाहन में सवार चालक एवं अन्य सवारी घटना के बाद वाहन छोड़कर भाग खड़े हुये.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60